मिशन शक्ति के तहत निकली जागरुकता रैली

गाजीपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत सोमवार को महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। पुलिस लाइन में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर विकास भवन पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में पुलिस विभाग की महिला कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में महिला सुरक्षा, समानता और सम्मान की भावना को मजबूत करना रहा। अभियान के जरिए लोगों को महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने और सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम-एसपी। छाया:आज

स्कूल बस और बाइक की टक्कर में बाल बाल बचे युवक

सादात, गाजीपुर। सोमवार को मार्ग पर डॉ. एस. नाथ इंटर कॉलेज की स्कूल बस और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक बस के अंदर घुसकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक बाल-बाल बच गए। बस बच्चों को लेकर जा रही थी, तभी बसखारी गांव के अरुण यादव और मुस्कान सामने से बाइक पर आ रहे थे। ह॥ से आब्दी मार्ग पर मुड़ते समय बस अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। टक्कर से युवक छिटककर दूर जा गिरे। घटना के बाद कुछ देर जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया और बस को कब्जे में ले लिया। दोनों युवकों को हल्की चोटें आई हैं।

गंगा में डूबी बालिका का शव दूसरे दिन बरामद

भांवरकोल(गाजीपुर)। क्षेत्र के पलियां बुजुर्ग के पास गंगा में नहाते समय डूबी पलियां बुजुर्ग निवासी सुनील गोड़ की 10 वर्षीय बेटी शिवांजली के शव को एनडीआरएफ की टीम ने काफी परिश्रम के बाद सोमवार को अपराह्न गंगा से निकालकर पुलिस को सौंप दिया। गौरतलब है कि शिवांजलि अपनी चचेरी बहन स्वरागिनी और बुआ की बेटी स्नेहा के साथ रविवार को सुबह गंगा में स्नान करने गई थी। वह तीनों बालिकाएं गंगा में डूबने लगी यह देख नाविक श्रीनिवास चौधरी नाव लेकर तुरंत वहां पहुंच गए और उन्होंने काफी प्रयास कर स्वरागिनी और स्नेह को तो बचा लिया लेकिन शिवांजली गंगा के पानी में लापता हो गई । शिवांजली का पता लगाने में स्थानीय गोताखोरों के अलावा प्रशासन की ओर से वाराणसी की 34 वीं वाहिनी पीएसी के प्लाटून कमांडर हरिकिशुन मौर्य के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम को भी लगाया गया था। खोज में लगे लोगों ने गंगा में कोटवां ,भरौली तक खोजने का प्रयास किया लेकिन शिवांजलि का कहीं पता नहीं चल सका लेकिन खोज कार्य में लगे लोगों ने हिम्मत नहीं छोड़ी और रविवार की देर रात पुन: अपना खोजी अभियान शुरू कर दिया आखिरकार सोमवार को अपराह्न घटना के लगभग 30-31 घंटे बाद शिवांजली का शव घटनास्थल से मात्र 25- 30 मीटर ही उत्तर पानी के ऊपर दिखाई पड़ गया।

लूप लाइन में पार्सल का खाली रेक खड़ा होने से दर्शन पूजन में परेशानी

दिलदारनगर (गाजीपुर)। रेलवे के अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा शायर माता मंदिर दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को उठानी पड़ रही है। रेलवे स्टेशन के अप मेन व लूप लाइन के बीच स्थित शायर माता का मंदिर है।रेलवे द्वारा अप लूप लाइन में पार्सल का खाली रेक खड़ा कर दिया गया है।ऐसे में श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन पूजन के लिए जाने में परेशानी हो रही है।महिला व पुरुष श्रद्धालु ट्रेन के नीचे से होकर मंदिर में जा रहे है।श्रद्धालुओं ने कहा कि दो रेल लाइनों के बीच स्थित शायर माता मंदिर है।रेलवे द्वारा अप लूप लाइन में रेक खड़ा कर देने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अगर रेक आगे हो जाता तो श्रद्धालु आसानी से दर्शन पूजन कर लेते।

अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर शाम के वक्त मरदह थाना के कैथवली गांव के पास मऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार का चालक अनियंत्रित होकर कार को जम्प करते हुए सड़क से दूर खाई में जाकर पानी भरे गड्ढे में जाकर पलट गयी । कार के चारो टायर ऊपर हो गए कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। कार पलटने के बाद कार सवार दो युवक बाल-बाल बच गए। किसी प्रकार कार से निकल कर दोनो कही चले गए। कार पलटने की सूचना पर मौके पर सैकड़ो की तादात में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुटी रही।

बड़ी बहन की देखभाल के लिए गयी छोटी बेटी को दामाद लेकर फरार

रेवतीपुर (गाजीपुर)। थाना क्षेत्र में रिश्तों को उलझाने वाला एक मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने दामाद पर छोटी पुत्री को अपने साथ लेकर चले जाने का आरोप लगाते हुए रेवतीपुर थाने में तहरीर दी है। महिला के मुताबिक, बड़ी बेटी की तबीयत खराब रहने के कारण उसने छोटी बेटी को उसकी देखभाल के लिए बड़ी बेटी की ससुराल भेजा था। इसी दौरान दामाद और छोटी बेटी के बीच कथित रूप से प्रेम संबंध हो गया। आरोप है कि बाद में दामाद छोटी बेटी को लेकर कहीं चला गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बड़ी पुत्री की शादी क्षेत्र के ही एक युवक से हुई थी। शादी के बाद बड़ी बेटी की तबीयत खराब रहने लगी। उसकी देखभाल में मदद के लिए महिला ने अपनी छोटी पुत्री को कुछ समय के लिए बड़ी बेटी की ससुराल भेज दिया था। महिला को उम्मीद थी कि छोटी बेटी अपनी बीमार बहन की देखभाल में सहयोग करेगी, लेकिन इस दौरान परिस्थितियां बदल गईं। महिला का आरोप है कि बड़ी बेटी की ससुराल में रहने के दौरान उसकी छोटी पुत्री और दामाद के बीच नजदीकियां बढ़ गईं और दोनों के बीच कथित प्रेम संबंध स्थापित हो गया। आरोप है कि बाद में दामाद उसकी छोटी पुत्री को अपने साथ लेकर चला गया। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोगों में खलबली मच गई।इस संबंध में रेवतीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मदास सिद्धार्थ ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

छात्रा सुनैना का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

नंदगंज-गाजीपुर। शहीद स्मारक इंटर कॉलेज नंदगंज की कक्षा 12 सी-वन की छात्रा सुनैना कुमारी ने क्रिकेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का मान रोशन किया है। विगत 9 अक्टूबर 2026 को कालिका धाम इंटर कॉलेज, सेवापुरी, वाराणसी में आयोजित मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर सुनैना का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर सोमवार को शहीद स्मारक इंटर कॉलेज नंदगंज के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय राज ने की। उन्होंने सुनैना को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि बेटियों का खेल के क्षेत्र में इस तरह आगे बढ़ना पूरे पूर्वांचल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि सुनैना राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करेगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, नारी पंचदेवरा की प्रधानाचार्य रीता कुमारी तथा राजकीय हाई स्कूल, सहेड़ी की सहायक अध्यापक वंदना यादव उपस्थित रहीं। इसके अलावा विद्यालय की शिक्षिका उषा सिंह, मीना सिंह, वीर प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए कुमारी सुनैना को पुष्पहार देकर सम्मानित किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

रानी आई रे, महारानी आई रे, देखो शेरों पर होकर सवार... की गीत पर झूमे भक्त

मां कामाख्या धाम में एमएलसी ने टेका मत्था

गाजीपुर। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां कामाख्या धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। थाना गहमर क्षेत्र स्थित मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में पुलिस अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एमएलसी विशाल सिंह चंचल अपने साथ जनप्रतिनिधियों के साथ मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने भी विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी जमानिया, प्रभारी निरीक्षक गहमर सहित पुलिस बल, पीआरडी जवान, होमगार्ड तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पहले एमएलसी ने जनता दरबार में गाजीपुर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह और भाजपा के युवा नेता हिमांशु सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नन्दगंज प्रतिनिधि के अनुसार- शारदीय नवरात्र में प्रथम दिन से ही नंदगंज बाजार में पांच जगहों पर बने दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित करके भक्ति भाव से हवन पूजन के साथ- साथ सुबह शाम की वाद्य संगीत के साथ आरती और दुर्गा मां की जयकारा से पूरा क्षेत्र दुर्गामय हो गया है। नंदगंज बाजार के स्टेशन तिराहे के पास थाना गेट स्थित पंडाल में देर शाम की आरती में मुख्य गायक विनीत शर्मा व उनके सहयोगियों द्वारा जब आरती शुरू करती है तो मां के भक्तों से पंडाल व आसपास की जगह पूरी तरह भर जाती है। इसी क्रम में नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को शाम की आरती में जब विनीत शर्मा ने रानी आई रे, महारानी आई रे,देखो शेरों पर होकर सवार,मेरी महारानी आई रे... की आरती गाया तो उपस्थित पूरा जनमानस भावविभोर होकर अपने हाथों की ताली से ताल मिलाने पर मजबूर हो गया। करीमुद्दीनपुर प्रतिनिधि के अनुसार- नवरात्र के अवसर पर भारी संख्या में माँ भक्तों ने द्वितीया तिथि को ब्रह्मचारिणी के रूप में माँ कष्टहरणी भगवती का दर्शन पूजन अर्चन किया तथा मनोकामना पूर्ण होने की मन्नत मांगी एवं परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।



छात्र को बधाई देते शिक्षक। छाया:आज

भाजपा महिला मोर्चा का धरना-प्रदर्शन

गाजीपुर। मणिपुर के कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर महिलाओं के अपमान का आरोप लगाते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने जिलाध्यक्ष साधना राय के नेतृत्व में सरयू पांडेय पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और गरिमा से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने महिला अधिकारों के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं का भी उल्लेख किया। महिला मोर्चा की प्रभारी प्रियंका दूबे ने महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष विभा पाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई। धरने के बाद कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर सांसद तिराहे पर कांग्रेस सांसद का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रशासक सपना सिंह, पूर्व विधायक सुनीता सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं। संचालन किरन सिंह ने किया। अंत में साधना राय ने सभी के प्रति आभार जताया।



सभा को संबोधित करती सांसद। छाया:आज

बिजली तार ले जाने के विवाद में मुकदमा दर्ज

मरदह, गाजीपुर। बिजली का तार ले जाने के विवाद में राईपट्टी दुर्खुशी गांव निवासी इन्दू देवी के प्रार्थना पत्र पर गांव निवासी विपक्षी त्रिभुवन चौबे,अरविन्द चौबे,उत्कर्ष चौबे के खिलाफ मरदह पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंदु देवी का आरोप है की विपक्षीयो द्वारा पानी का मोटर चलाने हेतु खम्भे से तार उसके के दरवाजे से ले जाया जा रहा था।मना करने के बावजूद जबरदस्ती तार ले जाया जाता रहा।उसी दिन तार में बिजली प्रवाहित होने पर दरवाजे पर बंधी भैंस तार की चपेट में आ गई, जिससे भैंस की मौत हो गई और उसके पति शिवमुनि राम को भी बिजली का झटका लगने से घायल हो गए।सूचना देने पर मौके पर पहुंचे विपक्षी दबाव बनाने लगे।विरोध करने पर मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए धक्का-मुक्की व मारपीट पर अमादा होकर मारपीट किए। विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।इस मामले में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया तहरीर आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

एक नज़र इधर भी

दुष्कर्म, अश्लील वीडियो से जुड़े मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

रेवतीपुर, गाजीपुर। स्थानीय थाना पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने दोनों को थाना क्षेत्र के तिलवां मोड़ से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक धर्मदास सिद्धार्थ पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सक्रिय थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तिलवां मोड़ पर घेराबंदी कर एक युवक और एक बाल अपचारी को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान रेवतीपुर पट्टी काशीराय गांव निवासी 23 वर्षीय अनुज शर्मा पुत्र स्वर्गीय भगवान शर्मा के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे आरोपित की पहचान उजागर नहीं की गई है, क्योंकि वह बाल अपचारी है।

डा. राज कुमार की ४९वीं जयंती पर आयोजित हुआ सम्भावना कला मंच

गाजीपुर। प्रख्यात चित्रकार एवं कला गुरु डॉ. राज कुमार सिंह की 49वीं जयंती पर शनिवार को राजकीय सिटी इंटर कॉलेज के राजदीप सभागार में 'सम्भावनाएँ-2026' का आयोजन किया गया। सम्भावना कला मंच, गाजीपुर एवं कला सूत्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में चित्रकला प्रदर्शनी, चतुर्थ कला-लोक कार्यशाला, विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह हुआ। इस दौरान कला गुरु डॉ. राज कुमार सिंह के योगदान को याद करते हुए कला के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ चित्रकार डॉ. इफ्तखार खाँ, विशिष्ट अतिथि अमरनाथ तिवारी 'अमर', डॉ. सूर्यनाथ पांडेय, जगत नारायण सिंह और राहुल सांस्कृत्यायन विद्यालय, गौसपुर के संस्थापक रामनगीना कुशवाहा ने मां सरस्वती और डॉ. राज कुमार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित करके किया। कला-लोक चित्रकला कार्यशाला में राजकीय सिटी इंटर कॉलेज, एमजेआरपी पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सेंट मेरी कॉन्वेंट, डॉ. एमए अंसारी इंटर कॉलेज, ग्लोरियस प्वाइंट ददरी घाट, सेंट जॉन्स, राहुल सांस्कृत्यायन माध्यमिक विद्यालय गौसपुर सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



चित्र पर माल्यार्पण का दृश्य। छाया:आज

गरीबों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं हुए तो आंदोलन करेगी भाकपा

गाजीपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) जिला काउंसिल की बैठक 11 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय भारद्वाज भवन में कामरेड अमेरिका यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले की राजनीतिक परिस्थितियों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और आगामी आंदोलनों की तैयारियों पर चर्चा की गई। पार्टी ने गरीबों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में जिला सचिव कामरेड जनार्दन राम ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश इस समय गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली के माध्यम से बदलाव का आह्वान किया था। पार्टी की ओर से सांप्रदायिक सौहार्द दिवस, क्रांति दिवस और दिसंबर में जेल भरो आंदोलन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर विपक्ष के आंदोलन और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग का भी उल्लेख किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अक्टूबर को जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से मिलकर जनसमस्याओं को उठाया जाएगा।

अधिवक्ता पूरे दिवस न्यायिक कार्य से रहे विरत

जमानियां,गाजीपुर। स्थानीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जय प्रकाश के अनुसार, उपजिलाधिकारी की मनमानी पूर्ण एवं अविधिक कार्यप्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।बार एसोसिएशन अध्यक्ष जय प्रकाश ने बताया कि बार सभागार में 11 बजे एक अति आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में बार के सदस्य बृजेश कुशवाहा एडवोकेट द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से उपजिलाधिकारी की मनमानी व अविधिक कार्रवाई की घोर निंदा की गई। इसके साथ ही यह सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि एसडीएम के इस कृत्य के विरोध में बार एसोसिएशन जमानियां द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और सभी अधिवक्ता पूरे दिवस न्यायिक कार्य से पूरी तरह विरत रहेंगे। इस संबंध में सूचना न्यायालय उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को भी प्रेषित कर दी गई है।

ठगी का शिकार हुआ युवक

मरदह, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के केलही गांव निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया।पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई और पैसे वापस दिलाने की मांग की है। पीड़ित अनीश कुमार ने बताया कि दिनांक 11-10-2026 को शाम 5ः18 बजे उन्होंने के माध्यम से 10 रुपये का ट्रांजेक्शन किया था। आरोप है कि ट्रांजेक्शन के लगभग 20 मिनट बाद उनका मोबाइल फोन अचानक अपने आप बंद हो गया।ठीक एक घंटे बाद शाम 6ः18 बजे उनके बैंक खाते से बिना जानकारी और बिना अनुमति के 15,000 रुपये ऑटोमेटिक डेबिट हो गए।पीड़ित ने साइबर सेल से इस अनधिकृत लेन-देन की जांच कर जल्द से जल्द राशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

